प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद

drishtiias.com/hindi/printpdf/economic-advisory-council-to-the-prime-minister

हाल ही में सरकार ने दो साल की अवधि के लिये **डॉ. बिबेक देबरॉय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद** (Economic Advisory Council to the Prime Minister: EAC-PM) का पुनर्गठन किया है। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2021 में EAC-PM का कार्यकाल समाप्त हुआ था।

प्रमुख बिंदु

- **परिचय:**
    - EAC-PM एक **गैर-संवैधानिक, गैर-सांविधिक, स्वतंत्र निकाय** है जिसका गठन भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक तथा अन्य संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये किया गया है।
    - यह परिषद तटस्थ दृष्टिकोण के साथ भारत सरकार के लिये **प्रमुख आर्थिक मुद्दों** को उजागर करने का कार्य करती है।
        - यह प्रधानमंत्री को **मुद्रास्फीति**, **सूक्ष्म वित्त/माइक्रो फाइनेंस** और **औद्योगिक उत्पादन** जैसे आर्थिक मुद्दों पर सलाह देती है।
    - **प्रशासनिक, रसद, नियोजन और बजट जैसे उद्देश्यों हेतु नीति आयोग EAC-PM के लिये नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।**
- **EAC-PM की संदर्भ शर्तें:**
    - प्रधानमंत्री द्वारा संदर्भित, आर्थिक या अन्यथा, किसी भी मुद्दे का विश्लेषण करना और उस पर सलाह देना।
    - **वृहत् आर्थिक महत्त्व के मुद्दों को संबोधित करना** और प्रधानमंत्री के सम्मुख विचार प्रस्तुत करना।
        - ये विचार स्वप्रेरित अथवा प्रधानमंत्री या किसी अन्य के संदर्भ में हो सकते हैं।
        - इसमें समय-समय पर प्रधानमंत्री द्वारा वांछित किसी अन्य कार्य में भाग लेना भी शामिल है।
- **आवधिक रिपोर्ट:**
    - वार्षिक आर्थिक परिदृश्य (Annual Economic Outlook)
    - अर्थव्यवस्था की समीक्षा (Review of the Economy)